## प्रेस नोट दिनांक- 18.10.2025

प्रेस नोट दिनांक 18.10.2025,
थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़

01 व्यक्ति को 05 लीटर अवैध देशी शराब के साथ थाना मान्धाता पुलिस ने किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना स्तर पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में थाना मान्धाता पुलिस टीम—उपनिरीक्षक विनोद सिंह यादव मय हमराह का0 शक्ति सिंह, म0हे0का0 नीलम राणा एवं म0का0 कोमल राठौर द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं प्रार्थना पत्रों की जांच के दौरान प्राप्त मुखबिर की सूचना पर तत्परता से कार्यवाही की गई।

पुलिस टीम द्वारा ग्राम ढेमा थाना मान्धाता से एक व्यक्ति सोनू पुत्र रामचन्दर, उम्र लगभग 38 वर्ष, निवासी ग्राम ढेमा को एक पिपिया में 05 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में थाना मान्धाता पर मु0अ0सं0 147/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम सोनू पुत्र रामचन्दर पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

प्रेस नोट दिनांक-18.10.2025
थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़ ।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी मानिकपुर श्री दीप नारायण के नेतृत्व में थाना मानिकपुर के उ0नि0 मो0 नदीम खान मय हमराह का0 ध्यानचन्द्र,म0का0 पिंकी यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वारण्टी, वाछित अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 65(2) बीएनएस व 5m/6 पोक्सो एक्ट थाना मानिकपुर,प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त शिवनाथ गौतम पुत्र बालेश्वर गौतम निवासी ग्राम लौंदा पो० रधौली थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लौंदा के पास से गिरफ्तार किया गया है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. शिवनाथ गौतम पुत्र बालेश्वर गौतम निवासी ग्राम लौंदा पो० रधौली थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ ।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 मो0 नदीम खान मय हमराह का0 ध्यानचन्द्र,म0का0 पिंकी यादव थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़ ।

प्रेस नोट दिनांक 18.10.2025
थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़

01 अभियुक्ता को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ थाना लीलापुर पुलिस ने किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना स्तर पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में थाना लीलापुर पुलिस टीम—उ0नि0 हरेन्द्र सिंह मय हमराह उ0नि0 श्री अमरेश कुमार यादव व मिशन शक्ति टीम म0उ0नि0 ज्योति सिंह मय म0का0 रंजना भारद्वाज द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग/दबिश के दौरान तत्परता से कार्यवाही की गई।

पुलिस टीम द्वारा ग्राम हण्डौर थाना लीलापुर से 01अभियुक्ता को दो पिपिया में 10-10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में थाना लीलापुर पर मु0अ0सं0 282/25 धारा 60 (2) आबकारी अधिनियम बनाम 01अभियुक्ता पंजीकृत किया गया है। अभियुक्ता के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।